घर में स्कूल - वर्कशीट क्रमांक 3

कक्षा - 3 व 4 **विषय -** पर्यावरण अध्ययन **दक्षता -** विभिन्न स्थानों का अवलोकन, जानकारी का रिकॉर्ड रखना

बाज़ार

सीमा ने टीवी पर बाज़ार की तस्वीरें देखीं और उसके मन में कुछ सवाल आये। क्या तुम्हारे पास उन सवालों के जवाब हैं? अगर नहीं, तो पता लगाओ। तुम न्यूज़ देख सकते हो और अपने माता-पिता या घर के और लोगों से भी बात करके इनके जवाब पता लगा सकते हो।

1) सब लोग मास्क क्यों पहन रहे हैं? क्या ये मास्क बाज़ार में मिलते हैं या हम इन्हें घर पर भी बना सकते हैं?

____

____

____

2) क्या सारी दुकानें खुली है? ऐसा क्यों ?

____

____

____

3) कई जगह पर सफेद रंग से गोले क्यों बनाये गए हैं? इन गोलों की ज़रूरत क्यों है?

____

____

4) अगर तुम बाज़ार से घर लौटो तो तुम क्या-क्या करोगे जिससे तुम्हारा घर वायरस से सुरक्षित रहे?

____

____